राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर सेड़वा जिला बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई आर.ए.एस)
(कोर्ट कैम्प का स्थान ग्राम पंचायत गिड़ा)

राजस्व आवेदन सं. २४१/2025

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956 प्रार्थी श्री वेनाराम बनाम तहसीलदार सेड़वा

आदेश

प्रार्थी श्री वेनाराम पुत्र श्री वागाराम द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956 प्रस्तुत मय दस्तावेज कर निवेदन किया है कि राजस्व गांव गिड़ा के खाता संख्या 149 के खसरा संख्या 585/312 रकबा 0.6637 हेक्टेयर, किस्म बारानी अव्वल जमाबन्दी संवत् 2076–79 में उनका नाम वेहनाराम पुत्र वागाराम भूमि में दर्ज हो गया है, जबकि उनका शुद्व नाम वेहनाराम पुत्र वागाराम के स्थान पर वेनाराम पुत्र वागाराम है। इस तरह राजस्व ग्राम डिडावा खाता संख्या 85 के खसरा संख्या 96 रकबा 8.9435 हैक्टेयर, खाता संख्या 136 के खसरा संख्या 283/116 रकबा 0.1619 हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम जमाबन्दी सवत् 2074–77 में उनका नाम विशनाराम पुत्र वागाराम के स्थान पर वेनाराम पुत्र वागाराम दुरूस्त किया जावे। अतः तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक प्रतिवेदन दिनांक 10.07.2025 की अनुशंसा के आधार पर प्रार्थी श्री वेनाराम पुत्र वागाराम का राजस्व राजस्व गांव गिड़ा के खाता संख्या 149 के खसरा संख्या 585/312 रकबा 0.6637 हेक्टेयर, किस्म बारानी अव्वल जमाबन्दी संवत् 2076–79 व राजस्व ग्राम डिडावा खाता संख्या 85 के खसरा संख्या 96 रकबा 8.9435 हैक्टेयर, खाता संख्या 136 के खसरा संख्या 283/116 रकबा 0.1619 हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम जमाबन्दी सवत् 2074–77 में प्रार्थी का नाम क्रमशः वेहनाराम पुत्र वागाराम तथा विशनाराम पुत्र वागाराम के स्थान पर वेनाराम पुत्र वागाराम शुद्व करने के आदेश दिए जाते हैं। तहसीलदार सेड़वा तदनुसार राजस्व अभिलेख में अमलदरामद कर आगामी 15 दिनों में पालना इस न्यायालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

(बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)
पीठासीन अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन
सहायक कलक्टर सेड़वा
दिनांक : 24/09/25

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

क्रमांकः– 1865–67

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतुः–

1. तहसीलदार सेड़वा को भेजकर लेख है कि राजस्व रिकोर्ड में अमलदरामद की पालना रिपोर्ट भिजवायें।
2. प्रार्थी श्री वेनाराम पुत्र वागाराम।
3. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.02.04 21:00:53 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा